350 KM से ज्यादा होगा मेट्रो नेटवर्क

बनाया गया प्लान, 2023 में ही मेट्रो शुरू करने का लक्ष्य

■ सूर्यप्रकाश मिश्र @ नवभारत

मुंबई. देश की आर्थिक राजधानी मुंबई और आसपास के शहरों में 350 किमी से ज्यादा मेट्रो का नेटवर्क होगा. इसके लिए प्लान बनाया गया है. एक बार एमएमआर में मेट्रो का जाल फ़ैल जाने पर आवागमन की दृष्टि से नागरिकों के जीवन में बड़ा बदलाव आने वाला है. वैसे अभी तक मात्र 2 मेट्रो लाइन ही मुंबईकरों के लिए उपलब्ध हो पाई है. इनमें दूसरी मेट्रो के पूरी तरह संचालित होने का इंतजार किया जा रहा है. नए वर्ष 2023 में नई सरकार ने मेट्रो शुरू करने का लक्ष्य बनाया है. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2006 में मुंबई की पहली मेट्रो की आधारशिला रखी गई, लेकिन काम 2 साल बाद ही शुरू हो पाया. 2014 में पहली मेट्रो शुरू हुई. उसके 8 साल बाद दूसरी मेट्रो की आंशिक शुरुआत हो पाई. वैसे इन वर्षों में 14 मेट्रो लाइनों को मंजूरी दी गई. कई पर काम शुरू हैं तो कई अभी मंजूरी की अवस्था में ही हैं. मौजूदा शिंदे-फडणवीस सरकार ने मेट्रो के काम को गति देने में लगी है.

3 अलग-अलग चरणों में शुरू है काम

1 मुंबई मेट्रो का नेटवर्क फैलाने में 2030 तक का समय लग सकता है. एमएमआर में मेट्रो लाइन नेटवर्क की प्रक्रिया 3 अलग-अलग चरणों में शुरू है. वैसे एक बार पूरा हो जाने पर मुंबई का मेट्रो नेटवर्क 357 किमी से अधिक का हो जाएगा.

2 फिलहाल मेट्रो 2 ए और 7 के फेज 2 को शुरू करने की तैयारी एमएमआरडीए ने की है. मेट्रो लाइन 7 (दहिसर ई-अंधेरी ई) और 2 ए (दहिसर-डीएन नगर) तक पूर्ण संचालन होगा. इसके अलावा 2023 के अंत या 2024 में मेट्रो 3 शुरू होगी.

14 मेट्रो लाइनों को मिली है मंजूरी | **02** लाइन ही अब तक हो पाई शुरू | **2006** में रखी पहली मेट्रो की आधारशिला

मुंबई मेट्रो लाइनों की मौजूदा स्थिति

- लाइन 1 घाटकोपर से पूर्ण संचालित.
- लाइन 2 ए दहिसर-डीएन नगर काम पूरा.
- लाइन 2 बी डीएन नगर से मानखुर्द और मंडाले लगभग 30% पूर्ण.
- लाइन 3 कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज लगभग 78% पूरा.
- लाइन 4 वडाला से ठाणे-गायमुख लगभग 42% पूरा.
- लाइन 5 ठाणे-भिवंडी-कल्याण 45% काम.
- लाइन 5 बी डीपीआर स्टेज.
- लाइन 6 स्वामी समर्थ नगर से विक्रोली 63% पूरा.
- लाइन 7 शत-प्रतिशत पूरा.
- लाइन 9 दहिसर से मीरा-भायंदर काम शुरू.
- लाइन 10, 11, 12, 13, 14 अब तक डीपीआर की स्थिति में हैं.